# कुंभी औद्योगिक क्षेत्र में लगेंगी फैक्ट्रियां, काटे 129 भूखंड

**जागरण संवाददाता, कानपुर** : कानपुर देहात के कुंभी औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही फैक्ट्रियां लगेंगी। इसके लिए 129 भूखंड तैयार किए जा रहे हैं। यहां सभी तरह के उद्योगों को लगाने की तैयारी है। जनवरी से काम शुरू होने की उम्मीद है।

उद्योग विभाग कानपुर देहात के कुंभी को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में बदलने की तैयारी पूरी कर चुका है। विभाग ने इसके लिए 20 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन तलाशी है। इस पर नक्शा तैयार किया गया है, जिसमें 129 फैक्ट्रियां लगाने के लिए भूखंड काटे जा रहे हैं। यह भूखंड अलग-अलग क्षेत्रफल के हिसाब से हैं ताकि छोटी और बड़ी हर तरह की फैक्ट्रियों को यहां लगवाया जा सके। जगह कम होने की वजह से यहां फ्लैटेड फैक्ट्री भी बनाई जाएगी। इसका उद्देश्य यह है कि बहुत छोटी-छोटी इकाइयों को फ्लैटेड फैक्ट्री में जगह दी जा सके। इन सभी इकाइयों को प्लग एंड प्ले के आधार पर काम करने का मौका दिया जाएगा। बहुत से उद्यमी चाहते हैं कि वे सिर्फ मशीन खरीदें और उत्पादन शुरू कर दें, इसके लिए फ्लैटेड फैक्ट्री बनाई जाएगी। यहां बिजली के कनेक्शन के साथ उन्हें आवंटन किया जाएगा, जिससे सिर्फ मशीन लेकर आएं और उन्हें कनेक्ट कर काम शुरू कर दें। इस फ्लैटेड फैक्ट्री में कुछ ट्रेडर्स को भी मौका देने की योजना है ताकि वहां से सीधे माल को बेचा भी जा सके। औद्योगिक क्षेत्र के अंदर ही वेयरहाउस भी बनाया जाएगा। यहां भी फैक्ट्री संचालक अपने कच्चे या बने हुए माल को रख सकते हैं।



- जनवरी से शुरू हो जाएगा काम फ्लैटेड फैक्ट्री के साथ ही वेयरहाउस भी बनेंगे
- उद्योग विभाग ने फैक्ट्रियों के लिए 20 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन का तैयार कराया नक्शा

"यहां पर उद्योग लगाए जाने से उद्यमियों को फायदा तो होगा ही जिले के विकास के लिए यह बेहतर है, रोजगार सृजन इससे होगा।
– राजीव शर्मा, उद्यमी।

उद्यमियों को अपने उद्योग लगाने के लिए नई जमीन चाहिए। कुंभी के औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने से एक नया क्षेत्र सामने आएगा।
– यादवेन्द्र सचान, उद्यमी।"

## कुंभी में उद्योग लगने से होने वाले फायदे

- कुंभी में उद्योग लगने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से करीब 10 हजार से अधिक लोगों को फायदा होगा।
- सीधे फैक्ट्रियों में रोजगार मिलेगा। बाकी बाहर चाय, नाश्ते व खाने का ढाबा, दुकान चलाने वाले, परचून दुकान वाले, लोडर और वाहन जो भाड़े पर सामान लादेंगे उनको भी रोजगार मिलेगा।
- युवाओं का नौकरी की तलाश में बाहर जाना कम होगा। उन्हें जिले में रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही उद्योगों को पालीटेक्निक व आइटीआइ पास युवक चाहिए होंगे तो यहां संस्थान से निकलने वाले छात्रों के लिए लाभ होगा।
- कुंभी इटावा-कानपुर हाईवे किनारे है। ऐसे में यहां फैक्ट्री से माल लाने और ले जाने में राहत होगी।